संख्या-53/2022/298/41-2022-111(बजट)/2020

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनॉक 22 फरवरी, 2022**

विषय:-जनपद सन्तकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि/ मजार एवं गुफा में कतिपय कार्यों को कराये जाने की परियोजना हेतु द्वितीय किश्त की वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-7070/6-1-1(1229)/2020-21 दिनांक 08 फरवरी 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद सन्तकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि/ मजार एवं गुफा में कतिपय कार्यों को कराये जाने की परियोजना हेतु चयनित कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा तैयार किये गये आगणन के सापेक्ष शासनादेश सं0-428/2021/आई 94448/41-1002(001)/27/2021-111(बजट)/2020 दिनांक 03-09-2021 द्वारा निम्नवत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गई थी-

क्रमांक	**परियोजना का नाम**	**आंकलित लागत (रूपये लाख में)**	**प्रशासकीय स्वीकृति (रूपये लाख में)**	**प्रथम किश्त के रूप में वित्तीय स्वीकृति (रूपये लाख में)**
1	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि एवं मजार परिसर में गेट का निर्माण एवं समाधि व मजार के दोनों तरफ एस0एस0 रेलिंग का निर्माण	9.36 (जी0एस0टी0 सहित)	8.44 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.68(रू0 चार लाख अडसठ हजार मात्र)
2	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि एवं मजार एवं गुफा की रंगाई पुताई का कार्य	8.99 (जी0एस0टी0 सहित)	8.13 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.49 (रू0 चार लाख उन्चास हजार मात्र)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के बगल में स्थित पाथ-वे के तीन तरफ एस 0 एस 0 रेलिंग तथा साइड डेवलेपमेण्ट का कार्य	9.80 (जी0एस0टी0 सहित)	8.86 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.90 (रू0 चार लाख नब्बे हजार मात्र)
4	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि परिसर में रेड सैण्ड स्टोन लगाये जाने एवं कैम्पस में मिट्टी भराई का कार्य	9.51 (जी0एस0टी0 सहित)	8.60 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.75 (रू0 चार लाख पचहत्तर हजार मात्र)

3- तत्क्रम में महानिदेशक पर्यटन द्वारा प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गई धनराशि के सापेक्ष समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र , भौतिक प्रमाण पत्र, गुणवत्ता प्रमाण पत्र, तकनीकी स्वीकृति, बार चार्ट, टेण्डर्ड लागत , ठेकेदार को प्रदत्त वर्क आर्डर ,फोटोग्राफ्स आदि उपलब्ध कराते हुये प्रायोजना की अवशेष धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया है, परन्तु जी0एस0टी0 मद में व्यय की गई वास्तविक धनराशि से संबंधित विवरण एवं इन्वायस नहीं उपलब्ध कराया गया है।

4- उक्त के दृष्टिगत प्रायोजना के अवशेष कार्यो को कराये जाने संदर्भगत 04 परियोजनाओं हेतु निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त करने की स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

क्रमांक	**परियोजना का नाम**	**प्रशासकीय स्वीकृति (रूपये लाख में)**	**प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गई धनराशि (रूपये लाख में)**	**टेण्डर्ड लागत**	**द्वितीय किश्त की धनराशि (रूपये लाख में)**
1	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि एवं मजार परिसर में गेट का निर्माण एवं समाधि व मजार के दोनों तरफ एस0एस0 रेलिंग का निर्माण	8.44 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.68 (रू0 चार लाख अडसठ हजार मात्र)	**767432.00**	**299432.00**
2	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि एवं मजार एवं गुफा की रंगाई पुताई का कार्य	8.13 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.49 (रू0 चार लाख उन्चास हजार मात्र)	**705147.00**	**256147.00**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के बगल में स्थित पाथ-वे के तीन तरफ एस0 एस 0 रेलिंग तथा साइड डेवलेपमेण्ट का कार्य	8.86 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.90 (रू0 चार लाख नब्बे हजार मात्र)	**766795.00**	**276795.00**
4	जनपद संतकबीरनगर के मगहर स्थित संरक्षित स्मारक संतकबीरदास जी के समाधि परिसर में रेड सैण्ड स्टोन लगाये जाने एवं कैम्पस में मिट्टी भराई का कार्य	8.60 + जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर अनुमन्य)	4.75 (रू0 चार लाख पचहत्तर हजार मात्र)	**757599.00**	**282599.00**

(1) प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के पूर्व यह सुनिश्चित
कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजना हेतु शासनादेश सं0-428/2021/आई 94448/41-1002(001)/27/2021-111(बजट)/2020 दिनांक 03-09-2021 में अंकित शर्तों व प्रतिबन्धों का अनुपालन पूर्णतया करा लिया गया है।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-149/दस-2020-231/2019, दिनांक 24 मार्च, 2020,शासनादेश सं0-4/2020/बी-1-192/दस-2020-231/2020 दिनांक 7-4-2020 , शासनादेश सं0-5/2020/बी-1-196/दस-2020-231/2020 दिनांक 11-4-2020 , शासनादेश सं0-6/2020/बी-1-218/दस-2020-231/2020 दिनांक 18-5-2020 एवं वित्त (आय—व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या : 3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनाँक : 22 मार्च, 2021 में निहित शर्तों एवं प्राविधानों के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि जिस कार्य/मद हेतु प्रदान की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्यमद हेतु किया जायेगा, अर्थात् स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा। उक्त कार्यों को अनुमोदित लागत की सीमान्तर्गत ही कराया जायेगा तथा कार्यदायी संस्था को अनुमोदित लागत के अतिरिक्त कोई अन्य धनराशि/चार्जेज नही दिया जायेगा। कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायेंगे।

(3) प्रायोजना के निर्माण कार्य में वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) की धनराशि कार्यदायी संस्था को वास्तविक भुगतान के अनुसार नियमानुसार अनुमन्य होगी तथा इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा जी0एस0टी0 भुगतान के सम्बन्ध में ***प्रामाणिक प्रपत्र -जी0एस0टी0 इन्वायस*** सक्षम स्तर से महानिदेशक पर्यटन के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त लेबरसेस के रूप में प्रदान की गयी धनराशि श्रम विभाग को भुगतान किये जाने का प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा ।

(4) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण (मानीटरिंग) महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जाय। स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा वित्त विभाग के संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा। वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22 मार्च 2021 के प्रस्तर-2(9) में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि के सापेक्ष आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा दो-दो माह की आवश्यकता के लिए आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी तथा कार्यदायी संस्था द्वारा प्राप्त धनराशि का 75 प्रतिशत उपयोग

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

करने के उपरान्त अगले दो माह के लिए पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित कर दी जायेगी। इसका अनुपालन महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा।

(6) प्रश्नगत परियोजना में होने वाले निर्माण कार्य के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप उसके तकनीकी अनुमोदन के अनुसार किया किया गया है तथा परियोजना को कार्यदायी संस्था से हस्तगत कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करा लिया जायेगा एवं निर्मित परिसम्पत्ति का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जायेगा एवं इसकी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट ई-परियोजनाओं की समीक्षा के पोर्टल पर अंकित कराते हुए शासन को अवगत कराया जायेगा।

(7) परियोजना में टाइम ओवर-रन/कास्ट ओवर-रन को नियन्त्रित करने के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-07/2017/बी-1-823/दस-2017-एम-04/2017 दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये निर्देशों तथा बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 (**VII**) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(8) परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी। स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम स्तर से शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। सोशल आडिट से सम्बन्धित व्यवस्था/नियमों का भी पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी।

(9) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(10) अवमुक्त की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को बैंक खाते आदि में नही रखा जायेगा। कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे अनिवार्य रूप से राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय। यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि आगणन में बाट आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों पर सेन्टेज का भुगतान अनुमन्य न किया जाय। इसका अनुपालन पर्यटन निदेशालय एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) प्रायोजना में अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना/विवरण के आधार पर प्रदान की जा रही है। यदि परियोजना के मानक के सम्बन्ध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका पूर्ण उत्तदायित्व कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों का होगा। प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वास्तविक रूप से व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य की गुणवत्ता एवं फोटोग्राफ्स आदि सक्षम स्तर से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(12) महानिदेशक पर्यटन द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था से सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त किये जायेंगे।

4- प्रस्तर-3 में प्रदान की जा रही वित्तीय स्वीकृति की धनराशि पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-44 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-08 मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास-24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या संख्या**-1/2021/बी-1-141/दस-2021-231/2020** दिनांक 20 जनवरी 2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी संत कबीरनगर।
4- मुख्य कोषाधिकारी (जवाहर भवन) , उ0प्र0 लखनऊ।
5- श्री दिनेश कुमार उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7- प्रबंध निदेशक यू0पी0पी0सी0एल0, लखनऊ।
8- परियोजना प्रबंधक यू0पी0पी0सी0एल0 इकाई- 23 बस्ती ।
9- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7 उ0प्र0 शासन।
10- क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बस्ती मण्डल सिद्धार्थनगर।
11- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग।
12- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।